Regarding encroachment and construction activities in the surrounding areas of Khajuraho, a world heritage site in Madhya Pradesh-Laid

श्री विष्णु दत्त शर्मा **(**खजुराहो**) :** मैं सरकार का ध्यान मध्य प्रदेश के खजुराहो विश्व धरोहर स्थल के आसपास बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण और अनियंत्रित निर्माण की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । खजुराहो समूह के मंदिर? कंदरिया महादेव, देवी जगदम्बी, पार्श्वनाथ आदि?UNESCO द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित हैं और ASI के संरक्षण में हैं । कैग (CAG) रिपोर्ट नं. 10, वर्ष 2022 में स्पष्ट उल्लेख है कि खजुराहो सहित कई संरक्षित स्मारकों के आसपास अतिक्रमण और बफ़र-ज़ोन प्रबंधन की गंभीर कमियाँ पाई गई हैं । पिछले वर्षों में ASI द्वारा खजुराहो के बफ़र-ज़ोन में अवैध गतिविधियों और निर्माण की जाँच भी की गई है । इन संवेदनशील क्षेत्रों में व्यवसायिक और निजी निर्माण गतिविधियाँ स्थल की मूल संरचना के लिए स्पष्ट खतरा हैं और पुरातत्व अधिनियम का उल्लंघन करती हैं । मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि?

1. खजुराहो क्षेत्र का विस्तृत सर्वेक्षण और फॉरेंसिक ऑडिट कराया जाए ।

2. सभी अवैध अतिक्रमणों को तत्काल हटाया जाए तथा दोषियों पर कड़ाई से कार्रवाई की जाए ।

3. बफ़र-ज़ोन की सीमाओं को सटीक रूप से परिभाषित कर सख्ती से लागू किया जाए ।